तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

# हरिभूमि मध्यांचल भूमि

रायपुर, रविवार 7 जुलाई 2024

बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला



04 कांग्रेस को झटका : नपं अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित पार्षदों ने दिया इस्तीफा






05 संकुल स्तरीय प्रवेश उत्सव बना यादगार









## खबर संक्षेप





### माजदा की ठोकर से 3 वाहन क्षतिग्रस्त

**भाटापारा।** नगर के बस स्टैंड चौक में शनिवार को दोपहर माजदा वाहन क्रमांक सीजी 10 सी 6310 ने ई-रिक्शा को ठोकर मारते हुए स्कोर्पियो व बाइक को चपेटे में ले लिया व दुर्घटना स्थल से फरार हो गया। इस घटना से ई-रिक्शा क्षतिग्रस्त हो गया और चालक को गंभीर चोट आई। वहीं स्कोर्पियो वाहन क्षतिग्रस्त हो गई। दुर्घटना में किसी के जानमाल को क्षति नहीं पहुंची, लेकिन दुर्घटना इतनी भयावह थी कि एक बड़ी दुर्घटना होते होते टल गई। दुर्घटना का एक प्रमुख कारण यातायात पुलिस प्रशासन का मुख दर्शक बना रहना है। बस स्टैंड चौक में यातायात पुलिस प्रशासन भी व्यवस्था बनाने में निष्क्रिय रहती है, जो बड़ी दुर्घटना का कारण बन रहा है। वहीं एक प्रमुख कारण अवैध कब्जा से घिरा बस स्टैंड हैं, जहां सकरे मार्ग के कारण सड़क दुघर्टना की आशंकाएं सदैव बनी रहती है।

### 61 पौवा शराब जब्त, दो युवकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज



**भाटापारा।** अवैध शराब बिक्री के खिलाफ पुलिस की मुहिम जारी। पुलिस ने दो आरोपियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए 61 पौवा शराब जब्त की गई है। इसमें धारा 34 (दो) आबकारी एक्ट के तहत साहिल चेलक पिता जैन चेलक 21 साल साकिन भगत सिंह वार्ड थाना भाटापारा शहर के कब्जे से 30 पौवा शराब जब्त की गई। जब्त शराब की कीमत 3300 रुपए आंकी गई है। इसी तरह लखन भारती पिता विनोद भारती 22 साल साकिन भगत सिंह वार्ड भाटापारा थाना भाटापारा के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 31 पौवा शराब जब्त की गई। जब्त शराब की कीमत 3410 रुपए आंकी गई है।

### आरोपी ने कार का शीशा तोड़कर उसमें रखे लैपटॉप, मोबाइल एवं हार्ड डिस्क किया था पार

# आगजनी और कार में तोड़फोड़ करने वाले दो युवक और गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला मुख्यालय में 10 जून को आयोजित धरना प्रदर्शन में शामिल लोगों द्वारा आक्रोशित होकर पुलिस बल के साथ झूमाझपटी, पत्थर बाजी, मारपीट करते हुए संयुक्त कार्यालय परिसर में भवन के साथ खड़ी वाहनों में भी तोड़फोड़ करते हुए आग लगा दी थी। धरना प्रदर्शन का आयोजन करने वाले तथा इस दौरान बलवा तोड़फोड़ एवं आगजनी करने वाले आरोपियों एवं उपद्रवी तत्वों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस की अलग–अलग टीमों का निर्माण कर संभावित स्थलों में लगातार दबिश दी जा रही है। प्रकरण में शामिल अन्य आरोपियों का वीडियो, फोटो, सीसीटीवी फुटेज एवं अन्य तकनीकी विश्लेषण के आधार पर पहचान करते हुए सरगर्मी से पता तलाश जारी है। इसी क्रम में पुलिस द्वारा धरना प्रदर्शन का आयोजन करने एवं इस दौरान उद्दंड उपद्रव करने वाले लोगों का चिन्हांन कर उनकी गिरफ्तारी को प्राथमिकता के आधार पर लिया गया है, जिसके तहत पुलिस द्वारा 6 जुलाई को प्रकरण में शामिल 2 अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इन आरोपियों की गिरफ्तारी से यह भी पता चलता है कि उपद्रवियों द्वारा धरना प्रदर्शन की शक्ल में जमकर तोड़फोड़, लूटपाट एवं चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर ▶▶ शेष पेज 05 पर

### सीटीवी फुटेज के आधार पर अब तक 155 आरोपियों की गिरफ्तारी

#### लूट का मोबाइल जब्त

गिरफ्तार आरोपी में जिला बालोद निवासी प्रवीण महिलांगे भी शामिल हैं, जिसे संयुक्त कार्यालय परिसर में तोड़फोड़ कर एवं वहां खड़ी एक कार का शीशा तोड़कर अंदर रखे लैपटॉप, मोबाइल एवं हार्ड डिस्क को चोरी करते हुए वीडियो फुटेज में साफ देखा जा सकता है। एक आदतन अपराधी की भांति प्रवीण महिलांगे अपने हाथ में एक बड़ा बांस का डंडा लिए हुए तोड़फोड़ करते हुए कार से लैपटॉप, हार्ड डिस्क एवं अन्य सामान चोरी करके अपने हाथ में रखा हुआ है। इसके पूर्व भी संयुक्त कार्यालय परिसर में तोड़फोड़ करते हुए वहां खड़े एक व्यक्ति का मोबाइल लूट कर भागने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार कर लूट का मोबाइल जब्त किया गया था।



# भाटापारा और सिमगा में बनेगा व्यवहार न्यायालय भवन, 15 करोड़ मंजूर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

विधानसभा के भाटापारा एवं सिमगा नगर में व्यवहार न्यायालय के लिए नया भवन बनेगा। इसकी स्वीकृति विधि विधायी विभाग ने दे दी है। साथ ही भाटापारा में भवन के लिए 8 करोड़ 87 लाख 73 हजार एवं सिंमगा में भवन के लिये 6 करोड़ 90 लाख 17 हजार की स्वीकृति भी दी गई है। इस राशि से नए भवन में कोर्ट रूम भी बनाए जाएंगे।

■ पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा की पहल पर मिली मंजूरी

नगर में व्यवहार न्यायालय के नए भवन के लिए प्रथम, चतुर्थ, पंचम छत्तीसगढ़ विधानसभा सदस्य एवं भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा द्वारा राज्य शासन से मांग की गई थी। उनकी मांग पर राज्य सरकार ने इसकी स्वीकृति दे दी है।

उक्त भवन निर्माण से क्षेत्र की जनता को नवीन व्यवहार न्यायालय भवन में अतिरिक्त कोर्टरूम निर्माण से जहां न्यायालय आने के दौरान प्रकरणों में सुविधाएं मिल सकेंगी। वहीं क्षेत्र के अधिवक्ताओं द्वारा वर्षों से व्यवहार न्यायालय भवन में नए कोर्टरूम के निर्माण की ▶▶ शेष पेज 05 पर

# होटलों की खाद्य सामगियों पर मिली डस्ट, किया नष्ट

### होटलों और फल दुकानों में पहुंची खाद्य विभाग की टीम ने की ताबड़तोड़ कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

खाद्य विभाग की टीम ने बारिश के मौसम में खाद्य, पेयजल जनित बीमारियों से जन सामान्य के बचाव के लिए होटल एवं रेस्टोरेंट तथा फल भंडारों की जांच की। इस दौरान खाद्य विभाग की टीम ने जिला मुख्यालय की 8 दुकानों को नोटिस जारी करते हुए वहां से बरामद किए अमानक खाद्य सामग्रियों को नष्ट किया। इसमें जांच के दौरान देवांगन होटल से लगभग 2 किलोग्राम बासी पोहा व बालूशाही, बरकाती बिरयानी 2 किलो, चिकन फ्राई में डस्ट, सोनी होटल में लगभग 5 किलोग्राम बालूशाही में डस्ट, केजीएन बिरयानी में लगभग 3 किलोग्राम चिकन फ्राई में डस्ट पार्टिकल पाया गया। इसी तरह जायका रेस्टोरेंट के वेज और नॉनवेज खाद्य पदार्थों का उचित रख रखाव नहीं पाया गया। साथ ही यादव होटल में खाद्य पदार्थों को खुले में बेचना पाया गया। उपरोक्त सभी खाद्य पदार्थों को तुरंत नष्ट कराया गया। इसी तरह किशन फल भण्डार, ▶▶ शेष पेज 05 पर

■ साफ–सफाई को लेकर प्रशासन सख्त, 8 दुकानों को जारी किया गया नोटिस

#### साफ-सफाई रखने के निर्देश दिए

रिक्षण के दौरान सभी को खाद्य पदार्थों के सही रख–रखाव, पीने के पानी का साफ बर्तन में भण्डारण करने, खाद्य पदार्थ को मक्खी से बचाव के लिए ढक कर रखने, अखबार पेपर का उपयोग नहीं करने, तेल में तीन बार से अधिक नहीं तलने, एक्पाइयरी डेट वाले खाद्य पदार्थों का उपयोग नहीं करने एवं साफ–सफाई रखने के निर्देश दिए। उक्त जानकारी खाद्य सुरक्षा अधिकारी उमेश वर्मा द्वारा दी गई है। निरीक्षण के दौरान खाद्य विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

#### रूको प्रोग्राम के तहत किया जा रहा है जागरूक

राज्य शासन के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ बायोफ्यूल डेवलपमेंट अथॉरिटी द्वारा खाद्य तेलों की खरीदी के संबंध में जानकारी सभी दुकानदारों को दी गई। इसके माध्यम से प्रति किलोग्राम 27 रुपए की दर से बायोफ्यूल बनाने उपयोग हेतु छत्तीसगढ़ बायोफ्यूल डेवलपमेंट अथॉरिटी द्वारा खरीदा जाता है।







## पाठक सूचना

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8224035555, 8370049468


### विधायक ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

**पलारी।** कसडोल विधायक संदीप साहू ने शनिवार को पलारी विश्राम गृह में दोपहर 1 से शाम 4 बजे तक विधानसभा क्षेत्र के आमजनों से भेंट मुलाकात कर उनकी समस्या सुनी एवं उन सभी की समस्याओं को त्वरित निराकरण के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों से बात कर जल्द से जल्द समस्याओं को दूर करने आश्वासन दिया। इस अवसर पर रोहित साहू, मनीष चंद्राकर, निलकमल आजाद, संतोष देवांगन,शेखर वर्मा, नंदेश्वर साहू, सुमीत तिवारी, महेश ढ़ीढ़ी, डोमार साहू, लव कुश अग्रवाल सहित क्षेत्र के लोग उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप



### सीएसईबी अफसरों और कर्मियों ने पौधे लगाने का लिया संकल्प

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनी अंतर्गत नगर वृत्त-1 में शुक्रवार को कलेक्टर के निर्देशानुसार वृहद पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। नगर वृत्त-1 अंतर्गत 4 संभागों में लगभग 1000 वृक्ष लगाने का संकल्प अधीक्षण अभियंता मनोज वर्मा द्वारा सभी अधिकारियों कर्मचारियों को दिलाया गया। साथ ही उनके डगनिया, इंद्रप्रस्थ, आईएसबीटी एवं पुरैना कार्यालय अंतर्गत लगभग 500 पौधे लगाए गए। श्री वर्मा ने बताया को पौधारोपण पूरे सप्ताह उनके कार्यालयों अंतर्गत करने का निर्णय लिया गया है। इस दौरान कार्यपालन यंत्री विनोद तिवारी, आशीष अग्निहोत्री, विनय चंद्राकर, एके निवदिंग, अरुण वर्मा एवं पीके सिंग शामिल हुए।

### लायंस क्लब रायपुर सीनियर का शपथ ग्रहण समारोह



**रायपुर।** लायंस क्लब रायपुर सीनियर की वर्ष 2024-25 की नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह शुक्रवार को हुआ, जिसमें वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजे एफ लायन रिपुदमन सिंह पुसरी मुख्य अतिथि, लायन रंजना क्षेत्रपाल पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर के विशेष अतिथि रहे। कार्यक्रम के संयोजक लायन डॉ. निरंजन हरितवाल तथा लायन एमजेएफ संतोष गुप्ता ने शपथ अधिकारी के रूप में नए पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। नए पदाधिकारियों में अध्यक्ष लायन अशोक अग्रवाल, उपाध्यक्ष लायन महेंद्र मित्तल, लायन गजानंद अग्रवाल सचिव लायन दीपक सिन्हा, कोषाध्यक्ष लायन दिवाकर अवस्थी, टेमर लायन महेश अग्रवाल, टेलतविस्तार लायन धर्मेंद्र चौधरी, पीआरओ लायन गोपाल चोपड़ा, मेम्बरशिप कमेटी लायन संतोष गुप्ता, कार्यकारिणी- लायन डॉ. निरंजन हरितवाल, लायन प्रकाश दावड़ा, लायन दिलीप भल्ला, लायन अरविंद चौबे, लायन बजरंग अग्रवाल, लायन प्रेम नारायण गुप्ता शामिल हैं।

### डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर किया नमन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती 6 जुलाई को उन्हें नमन किया। श्री साय ने कहा कि देश की एकता को और अधिक मजबूत करने की दिशा में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के 'अद्वितीय प्रयासों' के लिए प्रत्येक भारतीय उनका ऋणी है। श्री साय ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने भारत की प्रगति के लिए कड़ी मेहनत की और एक मजबूत तथा समृद्ध राष्ट्र का सपना देखा। हम उनके सपनों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# पटवारियों ने राजस्व मंत्री से कहा- दो दिनों में हल करें नहीं तो तीसरे दिन से आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में पटवारियों के संगठन राजस्व पटवारी संघ ने प्रदेश के राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा को छह पेज का एक ज्ञापन भेजकर 32 सूत्रीय मांगें सामने रखी हैं।

- भुईयां की गड़बड़ी से परेशानी, हताश हो गए हैं

संघ का कहना है कि दो दिनों के भीतर ये मांगे पूरी की जाए वरना 8 जुलाई से पूरे प्रदेश के पटवारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे। संघ के अध्यक्ष भागवत कश्यप का कहना है कि पटवारी भुईयां साफ्टवेयर में आ रही दिक्कत से परेशान हैं। अगर सरकार ये परेशानी दूर नहीं करती है, तो पटवारी का पद ही समाप्त कर दिया जाए। राजस्व पटवारी संघ छत्तीसगढ़ ने राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा को भेजे गए मांग पत्र में 32 बिंदुओं के आधार पर अपनी मांग रखी है और उनके निराकरण की मांग की जा रही है। संघ का कहना है कि जो मांगे रखी गईं है वे सभी विगत कई वर्षों से लंबित मांगें हैं, निराकरण न होने की वजह से प्रदेश के सभी पटवारी निराश और हताश हैं।

## ऑनलाइन काम, लेकिन न कंप्यूटर न प्रिंटर देते हैं

### ये हैं प्रमुख मांगें

पटवारी संघ का कहना है कि ऑनलाईन काम करने के लिए आज तक किसी प्रकार की सुविधा नहीं दी गई है। कंप्यूटर, लैपटॉप, प्रिंटर, स्कैनर, इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध नहीं कराई गई है। पटवारी अपने संसाधन से काम करते हैं। इस काम के लिए अतिरिक्त भत्ता दिया जाए। ऑनलाईन नक्शा, बटांकन संशोदन पहले पटवारी आईडी में संशोधित कर राजस्व निरीक्षक की आईडी में भेजा जाता है। इस वजह से जब तक राजस्व निरीक्षक की आईडी से अनुमोदन नहीं होता है तब तक उसी नक्शे से संबंधित अन्य बटांकन या संशोधन नहीं किया जा सकता है। जिसके कारण अनावश्यक विलंब होता है। पटवारी द्वारा अनुमोदन के लिए भेजा गया नकशा बंटाकन पटवारी आईडी में नहीं दिखता जिस्से त्रुटि की संभावना रहती है। नक्शा का सर्वर अधिकाशतः खुलता नहीं है। हर बार दुबारा लॉगिन करना पड़ता है। इस समस्या का निराकरण आज तक नहीं किया गया।





**पटवारियों ने खोला 32 मांगों का पिटारा**

### जिला स्तर हो सहायक प्रोग्रामर

जिला स्तर पर सहायक प्रोगामरों की पदस्थापना की जाए। त्रुटिपूर्ण खसरे जो बैंक में बंधक है। ऐसे खसरों को शुद्ध या विलोपित नहीं किया गया है। न ही एनआईसी द्वारा उसे विलोपित किया गया है। पटवारी आईडी में संकलन, विलोपन, संशोधन का ऑप्शन नहीं है। इसके बावजूद कई जिलों में संकलन, विलोपन संशोधन के नाम पर पटवारियों के खिलाफ दुर्भावनापूर्वक कार्रवाई की जा रही है, इस पर रोक लगाई जाए। कर्जदार किसानों द्वारा कर्ज चुका देने के बाद भी ऑनलाईन भुईयां से बैंक बंधक नहीं हटाया जाता है। ऐसे मामलों की शिकायत होने पर सारा दोषारोपण पटवारियों पर होता है।

### उच्चाधिकारी करते हैं प्रताड़ित

शिकायत ये भी है कि डिजीटल हस्ताक्षर 100 प्रतिशत करने के लिए शासन स्तर पर दबाव बनाया जाता है। पटवारी खुद अपने खर्च से डिजीटल टोकन बनाते हैं इसके बाद भी उच्चाधिकारी प्रताड़ित करते हैं। ऑनलाईन रजिस्ट्री होने के बाद नामांतरण के लिए पटवारी की आईडी में आता है जिसमें क्रेता-विक्रेता से संबंधित सारी जानकारी अंग्रेजी में रहती है जिसे हिंदी में टाइप करना पड़ता है। लिपिकीय त्रुटि हो सकती है। इसके लिए पटवारी को दोषी समझा जाता है। वर्तमान में प्रदेश स्तर पर 100 प्रतिशत नक्शा, बटांकन का दबाव बनाया जा रहा है। इसी तरह कई अन्य मांगें 32 सूत्रीय ज्ञापन में शामिल है।

## विधायक प्राण लहरे ने जनप्रतिनिधियों पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए किया था चक्काजाम

# कांग्रेस को झटका : नपं अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित पार्षदों ने दिया इस्तीफा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भटगांव



नगर पंचायत भटगांव के निर्वाचित अध्यक्ष नर्मदा अमित कौशिक, उपाध्यक्ष प्रवेश दुबे, समेत कांग्रेस के पार्षदों कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। इसके साथ ही दो पूर्व एल्डरमेनों ने भी कांग्रेस पार्टी के प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दिया है।

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज को व्हाट्सएप में इस्तीफा भेजा गया है। कल कांग्रेस विधायक कविता प्राण लहरे ने ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के साथ भटगांव में जनप्रतिनिधियों पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए चक्काजाम किया था। इसी से आहत होकर कांग्रेस पार्टी से अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और पार्षदों ने इस्तीफा दिया है। इस्तीफा के बाद से अब अध्यक्ष नर्मदा अमित कौशिक, उपाध्यक्ष प्रवेश दुबे समेत पार्षदों के बीजेपी में भी शामिल होने के अटकलें तेज हो गई है।

नगर पंचायत भटगांव के अध्यक्ष नर्मदा अमित कौशिक, उपाध्यक्ष प्रवेश दुबे ने बताया की पार्षद सुख बाई नारंग, लक्ष्मीकांत देवांगन, इंद्रा केशरवानी, दुष्यंत नारंग, ईश्वर केवंट, पूर्व एलडरमेन दिलहरण साहू, सुधराम यादव के साथ सरपंच टेढ़ीभद्रा प्रेम कुमारी नारंग एवं अन्य कांग्रेस के कार्यकर्ता के साथ अपना इस्तीफा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरुण मालाकार तथा बिलाईगढ़ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भागवत साहू, व्हाट्सएप के माध्यम से भेज दिया है। सभी निर्वाचित जनप्रतिनिधियों पर कांग्रेस से ही कविता प्राण लहरे द्वारा भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए चक्काजाम कर सम्मान को ठेस पहुंचाया है। इसी वजह से इस्तीफा दिया गया है। नगर भटगांव को विकास रुपी खाद से सींचकर आदर्श नगर पंचायत बनाने वाले कांग्रेस के नगर पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और पार्षदों के खिलाफ कुछ स्वार्थी कांग्रेसियों के बातों में आकर विधायक कविता प्राण लहरे के रवैया से कांग्रेस पार्टी के पतन के कारण बनते जा रहे हैं। इस आंदोलन से उनका जनाधार गिरा है। अब देखने वाली बात यह होगी कि भ्रष्टाचार को लेकर आंदोलन करने वाली विधायक कविता प्राण लहरे बिलाईगढ विकासखंड को भ्रष्टाचार से मुक्त कर पायेंगे या फिर कई विभागों में हो रहे भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन जारी रहेगा।

# वज्रपात और बिजली कड़कने पर पक्के मकान का आश्रय है बचाव का उपाय



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरोरा

प्रथम शनिवार को शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बरडीह संकुल केन्द्र घिवरा, विकास खंड तिल्दा में मुख्यमंत्री शाला सुरक्षा कार्यक्रम के तहत वज्रपात, बिजली गिरने के बचाव के उपाय बच्चों को बताया गया। हमें बिजली कड़कने एवं तूफान आने पर पक्के मकान में आश्रय लेना चाहिए। कोई पेड़ या बिजली के खंभों के आस पास रुकना नहीं है। आंधी से बिजली के तार एवं खंभे गिर जाते हैं, जिससे बिजली के झटके लग सकते हैं। वर्षा होने, बादल गरजने के समय हमें खुले स्थानों में नहीं जाना चाहिए। पक्के छत वाले घरों में सुरक्षित जगह पर आश्रय लेना चाहिए।

- मिडिल स्कूल के छात्रों को मुख्यमंत्री शाला सुरक्षा कार्यक्रम में दी जानकारी

वज्रपात से प्रभावित व्यक्ति को तुरंत पास के अस्पताल में पहुंचना चाहिए। बच्चों को वीडियो दिखाकर गतिविधियों के माध्यम से माकड्रिल करवाया गया। यह जानकारी संस्था प्रमुख मनहरण लाल वर्मा ने जानकारी दी। इस कार्यक्रम में शिक्षक विशेषर वर्मा, चरित ध्रुव, संजय बंछोर, हेमकुमारी साहू उपस्थित रहे।

# पर्यावास बिल्डिंग के चौथे माले से कर्मी ने कूदकर की खुदकुशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



- मृतक सीनियर क्लर्क था, पारिवारिक तनाव की वजह से खुदकुशी करने की आशंका
- पुलिस के अनुसार मृतक भिलाई, सुपेला का रहने वाला है

नवा रायपुर में पर्यावास भवन में सीनियर क्लर्क के पद पर पदस्थ एक व्यक्ति ने शुक्रवार को कार्यालयीन समय में बील्डिंग के चौथे माले से कूदकर खुदकुशी कर ली है। खुदकुशी के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस को पारिवारिक तनाव की वजह से सीनियर क्लर्क द्वारा खुदकुशी करने की आशंका है। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है। घटना राखी थाना क्षेत्र की है।

पुलिस के मुताबिक 35 वर्षीय नरेश साहू ने बिल्डिंग के चौथे माले से कूदकर खुदकुशी की है। बिल्डिंग से कूदने की वजह से नरेश का सिर जमीन में टकराते ही फट गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना का एक सीसीटीवी फूटेज सामने आया है, जिसमें नरेश अपने कार्यालय से निकलकर रेलिंग को पार करते और कूदते दिख रहा है। नरेश पर्यावास कार्यालय में वरिष्ठ लेखा सहायक के पद पर पदस्थ था। घटना सुबह 10 बजकर 40 मिनट की है। नरेश चौथे माले से जैसे ही कूदकर नीचे गिरा, उसके जोरदार चीखने की आवाज आई।

चीख सुनकर लोग ग्राउंड फ्लोर पर पहुंचे तो वहां नरेश के सिर से खून बह रहा था और उसकी मौके पर ही मौत हो चुकी थी। पुलिस के अनुसार मृतक भिलाई, सुपेला का रहने वाला है, उसकी तीन साल पहले शादी हुई है और उसकी एक बेटी है।

# व्यापारी एकता पैनल की बैठक में जिम्मेदारी तय



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के चुनाव को लेकर व्यापारी एकता पैनल की कोर ग्रुप की बैठक आयोजित हुई जिसमें तय किया गया कि 9 जुलाई को बैठक की जाएगी।

बैठक की सफलता के लिए कार्य विभाजन एवं जिम्मेदारियां तय की गई हैं। राजकुमार राठी को प्रवक्ता नियुक्त किया गया। प्रिंट मीडिया की जवाबदारी राजेश वासवानी को सौंपी गई है। पूर्व पदाधिकारी एवं पिछले चुनाव में पूरे प्रदेश में चुनाव लड़े प्रत्याशी एवं प्रमुखजन की जवाबदारी श्रीचंद सुन्दरानी एवं योगेश अग्रवाल, कन्हैया अग्रवाल को दी गई है।


कोरबा एवं रायगढ़ क्षेत्र के सदस्यों से संपर्क के लिए अमर गिदवानी, रायपुर की चेतन तारवानी, राजेश गुरनानी, वासुदेव जोतवानी, चंदर विधानी, राजू भाई तारवानी, जितेन्द्र बड़वानी, सुदेश मंध्यान, प्रकाश लालवानी, गौतम लुनिया, आशीष जैन, राधाकिशन सुन्दरानी, दीपक बल्लेवार, अमर खट्टर, महेन्द्र आहूजा, को दी गई है। कानूनी रूपरेखा तय करने के लिए शिव ग्वालानी, वासुदेव जोतवानी को जिम्मेदारी दी गई है।

# खाद बीज का वितरण बेहतर लेकिन बारिश कम, अब तक हो पाई है 27 प्रतिशत बोनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में मानसून सक्रिय होने के बाद भी अब तक बारिश कम ही हो पाई है। राज्य में अब तक पिछले साल के मुकाबले औसत बारिश भी बहुत कम हुई है। खेती किसानी के जानकारों का कहना है कि जब तक अच्छी बारिश न हो जाए, तब तक बोनी करने में कठिनाई है। यही कारण है कि राज्य में धान बुवाई का काम धीमा चल रहा है। बताया गया है कि किसानों को अच्छी बारिश का इंतजार इसलिए है, ताकि वे मताई करके बीजारोपण कर सकें और नर्सरी लगाकर रोपाई कर सकें।

संचालनालय कृषि के साप्ताहिक प्रतिवेदन में 1 जुलाई की स्थिति में बताया गया है कि प्रदेश की औसत वार्षिक वर्षा 1236 मिमी है। 1 जुलाई की स्थिति में प्रदेश की औसत वर्षा 153 मिमी दर्ज की गई है। जो इसी अवधि की 10 वर्षों की औसत वर्षा 182.3 मिमी से 29.3 मिमी कम है। पिछले साल इसी अवधि में 169.2 मिमी वर्षा रिकार्ड की गई थी।



फाइल फोटो

- किसानों को है बारिश का इंतजार
- मताई,रोपाई के लिए चाहिए पानी
- किसानों को अच्छी बारिश का इंतजार इसलिए है, ताकि वे मताई करके बीजारोपण कर सकें

### बीज का वितरण 68 प्रतिशत

खरीफ वर्ष 2023 में प्रदेश में कुल 9.43 लाख क्विटल प्रमाणित बीज वितरण किया गया था। इस वर्ष खरीफ 2024 के लिए प्रदेश में 9.78 लाख क्विटल प्रमाणित बीज वितरण का लक्ष्य रखा गया है जिसमें से 8.07 लाख क्विटल बीज का भंडारण कर अब तक 6.69 लाख क्विटल बीज का वितरण किया गया जो मांग का 68% है।

### अब तक 27 प्रतिशत बुवाई

खरीफ वर्ष 2023 में प्रदेश में कुल 48.28 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में विभिन्न फसलों की बोनी की गई थी। इस वर्ष खरीफ वर्ष 2024 के लिए 48.63 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में विभिन्न फसलों की बोनी का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अब तक 13.23 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में विभिन्न फसलों की बोनी की जा चुकी है जो लक्ष्य का 27% है।

### 56 प्रतिशत खाद उठा चुके किसान

प्रदेश में गतवर्ष खरीफ 2023 में कुल 13.41 लाख मीट्रिक टन उर्वरक का वितरण किया गया था। इस वर्ष खरीफ 2024 में 13.68 लाख मीट्रिक टन उर्वरक का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उक्त लक्ष्य के विरूद्ध 12.12 लाख मे.टन उर्वरकों का सहकारी एवं निजी क्षेत्रों में भंडारण किया गया है। उक्त भंडारण के विरूद्ध 7.72 लाख मीट्रिक टन उर्वरकों का वितरण किया गया है जो कि कुल लक्ष्य का 56% वितरण हो चुका है।

# संस्कार के साथ रोजगारोन्मुखी शिक्षा प्रदान करना गर्व की बात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी रायपुर के 7वें स्थापना दिवस पर श्री सद्गुरु प्राकट्य महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री अरुण साव शामिल हुए एवं अध्यक्षता प्रतिकुलाधिपति हर्ष गौतम ने की।

मंचस्थ अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत के उपरांत प्रतिकुलाधिपति श्री गौतम ने अपने स्वागत उद्बोधन में यूनिवर्सिटी के संस्थापक अनंत विभूषित श्री रविशंकर महाराज द्वारा स्वास्थ्य, सेवा और शिक्षा की राह में अथक प्रयासों एवं उनके उद्देश्य का वर्णन करते हुए बताया कि रायपुर में आईटीआई इंस्टिट्यूट से श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी तक का सफर निरंतर अग्रसर है और आज यूनिवर्सिटी 8000 से अधिक स्वदेशी एवं विदेशी विद्यार्थियों के साथ सफलता के नित-नए प्रतिमान स्थापित कर रही है। कुलसचिव डॉ. सौरभ कुमार शर्मा ने वार्षिक प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए विविध आयामों में यूनिवर्सिटी की उप्लब्धियों पर प्रकाश डालते हुए आईआईआरएफ रैंकिंग में राष्ट्रीय स्तर पर चतुर्थ एवं राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त इमर्जिंग प्राइवेट यूनिवर्सिटी 2024 के गौरवपूर्ण उपलब्धि का उल्लेख किया। कुलपति प्रो. एसके सिंह ने स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि गुणवत्ता रोजगारपरक शिक्षा प्रदान करना रावतपुरा सरकार महाराज का ध्येय रहा है, जिसकी प्राप्ति के लिए विश्विद्यालय हमेशा क्रियाशील रहा है।

### युवाओं को दी नई दिशा

मुख्य अतिथि उप-मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि अपनी स्थापना के 7वें वर्ष में श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी 8000 से अधिक स्वदेशी एवं विदेशी विद्यार्थियों को रोजगारपरक शिक्षा प्रदान करके वैश्विक स्तर पर नित-नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। गुरुदेवश्री की आध्यात्मिक दूर दृष्टि एवं प्रभावी मार्गदर्शन पर कार्य करते हुए इस यूनिवर्सिटी ने युवाओं को नई दिशा एवं उत्साह प्रदान किया है।





- सद्गुरु प्राकट्य महोत्सव एवं रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी का स्थापना दिवस
- उप मुख्यमंत्री साव ने किया सम्मानित

### सांस्कृतिक कार्यक्रम भी

श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी के स्थापना दिवस में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, जिसमें यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों ने नृत्य एवं शिक्षकों ने संगीत के माध्यम से कार्यक्रम को सफल बनाया। मंच संचालन डॉ. सागर साहू ने किया। यूनिवर्सिटी के उप कुलसचिव डॉ. कमल कुमार प्रधान ने धन्यवाद ज्ञापित किया। अंत में डीन एकेडेमिक डॉ. आरआर बिराली ने सभी को यूनिवर्सिटी के स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं।

### प्रशस्तिपत्र देकर किया सम्मानित

यूनिवर्सिटी के स्थापना दिवस पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक स्टाफ को उप मुख्यमंत्री श्री साव ने प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया, इनमें शुभम नामदेव जनसंपर्क अधिकारी, शिवांगी शुक्ल एग्जीक्यूटिव एडमिशन, प्रांतिक आचार्य लेखा प्रबंधक, महेंद्र कल्यारे एचआर सहायक, अमन सिंह गहरवार स्टोर इंचार्ज, डॉ. मिथिलेश सिंह सह प्राध्यापक, डॉ. आशीष कुमार सरकार सह प्राध्यापक, डॉ. वीणा देवी सिंह सह प्राध्यापक, डॉ. कौशल कुमार सहायक प्राध्यापक, डॉ. ईश्वर प्रसाद यदु, अखंड प्रताप सिंह , डॉ. सिंदुरा भार्गव, उत्तम वैष्णव, राहुल गुप्ता शामिल रहे। विवि में योग के क्षेत्र में इतिहास रचने वाले विद्यार्थियों, योग विभाग से छाया जैन, ज्योति दीपक, प्रीटी साहू और पुष्प साहू ने इंडो-नेपाल यूथ गेमस 2023 में स्वर्ण और रजत पदक जीतकर श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी को विश्वपटल में गौरवान्वित किया है, उन्हें सम्मानित किया गया।

# पवन साय, राजेश मूणत ने एक पेड़ मां के नाम रोपित किया



**रायपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रकृति संरक्षण हेतु एक अनोखी पहल करते हुए पूरे देश में एक पेड़ मां के नाम जैसा अभियान चलाया है। इसी कड़ी में रायपुर पश्चिम में विधायक राजेश मूणत और भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने भी एक पेड़ मां के नाम रोपित किया। कार्यक्रम में जिला भाजपा अध्यक्ष जयंत पटेल, भूपेन्द्र ठाकुर, अशोक पांडेय, प्रफुल्ल विश्वकर्मा, सत्यम दुवा, ओंकार बैस, बजरंग खंडेलवाल,अमित मैशेरी, नवीन शर्मा, नीलम सिंह, विशाल पांडेय, मनोरमा हनौतिया, दिनेश शर्मा, नवीन सिंह, अशोक भल्ला,दीपक जायसवाल, कमलेश वर्मा, अमर बंसल,ओखराज पटेल, अशोक ठाकुर, शिव ठाकुर सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### जमीन नापने गए राजस्व निरीक्षक के साथ मारपीट

**महासमुंद।** जमीन की नापजोख करने के दौरान राजस्व निरीक्षक को एक व्यक्ति ने थप्पड़ मार दिया। ग्राम भुरकोनी में हुई इस घटना के बाद प्रार्थी राजस्व निरीक्षक ने तेंदूकोना थाने में आरोपी के खिलाफ शिकायत की है। पुलिस ने मामले की विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि प्रार्थी मुकेश कुमार साहू पिता मोहन लाल साहू निवासी ग्राम सोनपुर थाना राजादेवरी जिला बलौदाबाजार हाल मुकाम वार्ड नं 3 इमली भाठा महासमुंद ने रिपोर्ट लिखाई है कि मैं वर्तमान में तहसील कार्यालय पिथौरा अंतर्गत रानिमं भुरकोनी में राजस्व निरीक्षक के पद पर पदस्थ हूं।

### बस स्टैंड निर्माण के लिए भूमिपूजन

**महासमुंद।** नगर पंचायत तुमगांव अध्यक्ष राकेश चंद्राकर व उपाध्यक्ष पप्पू पटेल, मुख्य नगर पालिका अधिकारी व समस्त जनप्रतिनिधियों के प्रयास से नगर में लगातार विकास के अनेक कार्य कराए जा रहे है। इसी कड़ी में सुविधायुक्त बस स्टैंड निर्माण के लिए भूमिपूजन सभापति पार्षद धर्मेंद्र यादव ने पूजा अर्चना व नारियल फोड़कर किया। अब नगर के भोरिंग चौक में शानदार बस स्टैंड का निर्माण किया जाएगा। जिससे नगरवासियों को आने जाने में सुविधा मिल पाएगी।

### गंगा स्कूल में मनाई गई मुखर्जी की जयंती

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के ज्ञान गंगा विद्यालय में जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाई गई। जिसमें शिक्षक लता चंद्राकर, हर्षा यादव, नीलम कोसरे, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती को भारत देश में 6 जुलाई को मनाई जाती है। मुखर्जी ने भारत देश के लिए एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

## पेज 3 के शेष

### आगजनी और कार...

न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए जेल भेजा गया। प्रकरण में 6 जुलाई तक की स्थिति में बलौदाबाजार में तोड़फोड़ एवं आगजनी की घटना को अंजाम देने वाले कुल 155 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। आरोपियों के नाम शैलेंद्र बंजारे 33 वर्ष निवासी पंचशील नगर बलौदाबाजार थाना सिटी कोतवाली, प्रवीण महिलांगे 19 साल निवासी ग्राम बाराबोड खपरी जिला बालोद शामिल हैं।

### भाटापारा और सिमगा...

मांग भी पूरी होगी। स्वीकृति देने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधि मंत्री अरुण साव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए आज भाटापारा के अधिवक्ताओं ने स्वीकृति दिलाने के लिए शिवरतन शर्मा को बुके भेंट कर आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया। इस अवसर पर नरेद्र यदु, सुरेश यदु, आनंद शर्मा, अनिल मिश्रा, माधव साव, तरुण टंडन, सत्यजीत सलूजा, जेके अग्रवाल, कैलाश यादव, नरेद्र साहू, नियाजी खान, अंजू साहू, अमन तिवारी, राकेश भूषणीय सहित अन्य अधिवक्तागण उपस्थित थे।

### होटलों की खाद...

जयफल भंडार में भी फलों की जांच की गई। इस दौरान फलों को नियमानुसार पकाया जाने की हिदायत दी गई।न

## प्रवेशोत्सव : कार्यक्रम में शामिल बच्चे सहित जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों को कराया गया भोज

# संकुल स्तरीय प्रवेश उत्सव बना यादगार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भवानीपुर

संकुल केंद्र भवानीपुर के अंतर्गत माध्यमिक पाठशाला खपरी भ में संकुल स्तरीय प्रवेश उत्सव मनाया गया। इसमें मुख्य अतिथि सरपंच सोनू राम साहू, उप सरपंच मुकेश झा, वरिष्ठ अतिथि टंकर प्रसाद शर्मा, विष्णु फेकर थे। नव प्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर पुस्तक और गणवेश का वितरण किया गया। तत्पश्चात खीर-पूरी, मिष्ठान, भोजन सहित विभिन्न प्रकार का व्यंजन बनवाया गया और बच्चों के साथ जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों सहित ग्रामीणों ने भोजन किया। अतिथि द्वारा अपील की गई कि सभी बच्चे शिक्षा ग्रहण करने के लिए जरूर पहुंचे और समय-समय पर बच्चों को उनकी शिक्षा के संदर्भ में घर पर पूछताछ करें। यदि कोई कठिनाई होती है तो शिक्षक को अवगत कराये, ताकि समाधान निकाल सके। इस अवसर पर शाला समिति अध्यक्ष दुखू निषाद, प्राचार्य भवानीपुर एस के साहू, सुखलाल जायसवाल, प्रधान पाठक नरेंद्र चंद्राकर, दीपक कुमार शर्मा, तोरण लाल मंडावी, विजय चंद्राकर, खेमलाल साहू, खेमराज कनौजे, भोजराम कनौजे, ईश्वर साहू, प्रकाश भतपहरी, दुर्गा धरुवा, संतोषी यदुवंशी, सरिता चंद्राकर, भुपेंद्र सेन, दुजराम निषाद, प्रीति कोसरिया, कुंती ध्रुव, हेमंत बघेल, मोहिनी ध्रुव, हिरौतीन सहित बड़ी संख्या में बच्चें व शिक्षकगण उपस्थित थे।






### प्रवेशोत्सव पर छात्रों को बांटी गई किताबें

बिलाईगढ़। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खुरसुला में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कौशिल्या बाई विश्वकर्मा सरपंच ग्राम पंचायत खुरसुला, विशिष्ट अतिथि सहदेव साहू अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खुरसुला थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य रामसहाय डडसेना ने की। सरपंच के हाथों कक्षा 9वीं के नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। कक्षा 9वीं एवं 10वीं के छात्र-छात्राओं को छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग पाठ्यपुस्तक निगम द्वारा प्राप्त निःशुल्क पाठयपुस्तकें वितरित की गई। पुस्तक पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। इस अवसर पर धरमलाल साहू अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति प्राथमिक, बाबूदयाल डडसेना सदस्य, भारत राम बंजारे, हरेंद्र कुमार शांडिल्य, श्यामलाल नवरत्न, सोहन डडसेना, शिवकुमारी, कुसुमलता उपस्थित थे।

### प्रवेशोत्सव पर बांटे गए गणवेश और पुस्तकें



मुंडा। शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला पैजनी में शाला प्रवेश उत्सव एवं न्योता भोज कार्यक्रम मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि परमेश्वर यदु जिला पंचायत सदस्य बलौदा बाजार एवं ललिता यदु जनपद पंचायत सदस्य बलौदा बाजार थे। अध्यक्षता सरपंच हलधर वर्मा ने की। शाला प्रवेश उत्सव में मुख्य अतिथि द्वारा नव प्रवेशी बच्चों को गुलाल लगाकर मिठाई खिलाकर, पाठ्यपुस्तकें एवं गणवेश वितरण कर स्वागत किया। उन्होंने सभी बच्चों को नियमित शाला आने के लिए प्रेरित किया। इसके पश्चात सरपंच हलधर वर्मा, सचिव मनोज धृतलहरे, अनिता वर्मा, पंच दिनेश वर्मा, उत्तरा यदु, रामेश्वरी वर्मा, राजेश वर्मा, चम्मन जांगड़े आदि द्वारा न्योता भोज में केला, समोसा, चॉकलेट आदि का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में शाला विकास समिति के अध्यक्ष गिरवर वर्मा, ग्राम पटेल कांशीराम यदु, पंच टेश वर्मा, प्रधानपाठक चूड़ामणि वर्मा, संतोष कुमार पैकरा, शिक्षक लोमस कोसरे, विनोद कुमार पटेल, अरुण कुमार रात्रे, नरेंद्र कुमार साहू, सुकृता सेन आदि उपस्थित थे।

## प्रवेशोत्सव में रही छत्तीसगढ़ी गीतों धूम

**खरोरा।** ग्राम पंचायत मोहरेंगा के प्राथमिक और माध्यमिक शाला प्रांगण में नोडल प्राचार्य एके केरकेटा और संकुल समन्वयक नेमचंद धीवर के मार्गदर्शन में संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में नन्हें मुन्ने बच्चों द्वारा रंग बिरंगे गीतों, देश भक्ति, छत्तीसगढ़ी गीतों, पंथी और स्कूल चले की थीम पर नृत्य प्रस्तुत किया, फिर अतिथियों द्वारा नवप्रवेशी बच्चों का टिका लगाकर, मिठाई खिलाकर अभीनंदन किया और पाठ्य पुस्तकें तथा गणवेश का वितरण गया। साथ ही संकुल स्तर के कक्षा 5वीं, 8वीं,10वीं और 12वीं के उत्कृष्ट बच्चों और शिक्षा के क्षेत्र में कार्य के लिए जमुना साहू को प्रतिक चिन्ह के साथ सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा बच्चों को नियमित स्कूल आने, अनुशासन में रहने और समय का सदुपयोग कर जीवन में आगे बढ़ने प्रेरित किया गया। मंच संचालन दिलीप सिन्हा और वीके वर्मा द्वारा किया गया। समन्वयक नेमचंद धीवर द्वारा अतिथियों ग्राम की माताओं और संकुल के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं का आभार प्रकट किया गया।

■ संकुल स्तर के उत्कृष्ट छात्रों को प्रतिक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया



# आत्मरक्षा के लिए बालिकाओं में कराते का ज्ञान होना जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

असहाय जन सेवा संस्थान द्वारा बलौदाबाजार कराटे संघ के तत्वावधान में सात दिवसीय 29 जून से 5 जुलाई तक निःशुल्क कराटे प्रशिक्षण दिया गया। समापन में मुख्य अतिथि महेश बारले अध्यक्ष असहाय जन सेवा संस्थान एनजीओ, उषा सोनवानी सचिव के आतिथ्य में चैंपियन शीफ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कराटे प्रतियोगिता में बारले ने कहा कि आत्मरक्षा के लिए कराटे बहुत जरूरी है बालक की अपेक्षा बालिकाओं की संख्या बहुत अधिक है, जो बहुत ही खुशी की बात है। चैंपियन प्रतियोगिता में सभी प्रतिभागी विभिन्न ब्लॉकों से आए हुए सभी खिलाड़ियों का स्वागत किया गया। जिला के विभिन्न प्राइवेट हायर सेकंडरी स्कूलों में एनजीओ द्वारा सात दिवसीय निःशुल्क आत्मरक्षा के लिए प्रशिक्षण आयोजन किया जाएगा। निःशुल्क कराटे का प्रशिक्षण संजय बंजारे द्वारा दिया जायेगा। श्रीमती सोनवानी ने भी बालिकाओं को संबोधित करते हुए धन्यवाद दिया। इस अवसर पर जिला बलौदाबाजार कराटे संघ के सचिव संजय बंजारे, राजकुमार कुर्रे, नेम सोनवानी गुरुजी, विनय मंडले सहित पलारी विकासखंड से ममता वर्मा, प्रमिला स्नेहा दिवाकर, स्नेहा टंडन, परमेश्वरी साहू, भोजराम, डागेश्वर निषाद, भाटापारा विकासखंड से प्रियंका हिरवानी, प्रीति वर्मा, दलहरण, मनीष कुर्रे, राजकमल साहू सहित 65 खिलाड़ी शामिल हुए।

■ पलारी में लगा सात दिवस निःशुल्क प्रशिक्षण शिविर का समापन





### आरोप : व्यर्थ का श्रेय लेने का प्रयास न करें विधायक



भाटापारा। विधायक इंद्र साव द्वारा जारी की गई विज्ञप्ति के विरुद्ध नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष व्यास नारायण यदु ने आरोप लगाया है कि 15वें वित्त आयोग की राशि की स्वीकृति पर विधायक इंद्र साव व्यर्थ का श्रेय ले रहे हैं। वित्त आयोग की राशि केंद्र सरकार द्वारा समय-समय पर जारी की जाती है। यह राशि प्रदेश की हर नगरीय निकाय को जारी की जाती है। 2 करोड़ की उक्त राशि शासन द्वारा सामान्य रूप से जारी की गई है, जिसका विधायक द्वारा झूठा श्रेय लिया जा रहा है, जो उनकी हल्की राजनीति को व्यक्त करता है। उन्होंने कहा कि केवल प्रेस विज्ञप्ति जारी करने से क्षेत्र का विकास नहीं होने वाला है।

# कार्यकर्ता घर-घर जाकर दें सरकार की योजनाओं की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| संडी बंगला

भाजपा मंडल संडी की नियमित मासिक बैठक रेस्ट हाउस संडी बंगला में मंडल अध्यक्ष महेन्द्र कुमार साहू की अध्यक्षता में आयोजित की गई। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मंडल अध्यक्ष साहू ने कहा कि कुछ महीने पहले मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार बनने के बाद अब केन्द्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार बनी है। आप सभी ने घर घर जाकर भाजपा के लिए वोट मांगा है। सरकार बनने के बाद आपकी जिम्मेदारी बढ़ गई है। अब आपको सरकार एवं जनता के बीच सेतु का काम करते हुए उनकी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाकर लाभ दिलाते हुए उनकी समस्याओं के समाधान करने कड़ी मेहनत करना पड़ेगा। सभा को मंडल महामंत्री पप्पू वर्मा, मंडल उपाध्यक्ष राजू बंजारे, महिला मोर्चा अध्यक्ष निर्मला रजक एवं युवा मोर्चा अध्यक्ष उमेश यदु ने भी संबोधित किया। संचालन मंडल महामंत्री विजय कोसले ने किया। इस अवसर पर हुलाश वर्मा, लीलाधर साहू, राहुल बघेल, जयभारत कन्नौजे, श्यामू साहू, कमलनारायण साहू, रामखिलावन वर्मा, शिवराज वर्मा, सालिक साहू, जीवराखन साहू, उत्तम पटेल, थानेश्वर ध्रुव, केशवदास वैष्णव, भानसिंह ध्रुव, ओमप्रकाश पटेल, प्रेमलाल फेकर, ललित बंजारे, देवप्रकाश चंद्रवंशी, ऋषिकेश कन्नौजे, संतोष वर्मा, देवकुमार वर्मा, विक्की वर्मा सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

■ भाजपा मंडल संडी की मासिक बैठक में अतिथियों ने कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी गिनाई



# एक पेड़ मां के नाम अभियान में शामिल हुए पौंसरी के बच्चें

**सिमगा।** विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान को सफल बनाने शासकीय प्राथमिक शाला पौंसरी की शिक्षिका भारती वर्मा द्वारा शाला प्रमुख पुष्पलता नायक व बच्चों के साथ शाला प्रांगण में छायादार व फलदार पौधों का रोपण किया गया। शिक्षिका भारती वर्मा ने बच्चों से आग्रह किया कि वे जोर शोर से इस अभियान का हिस्सा बनें और अपने घर में जाकर अपने पालकों को भी पौधारोपण के लिए प्रेरित करें। शिक्षिका ने बच्चों व उपस्थित लोगों से कहा कि धरती भी मां के समान हमारा ख्याल रखती है। हम सबके जीवन का आधार है, इसलिए हमारा भी कर्तव्य है कि हम धरती मां का ख्याल रखें। मां के नाम पेड़ लगाने से अपनी मां का सम्मान तो होगा ही साथ ही धरती मां की भी रक्षा होगी। इस अवसर पर प्रधानपाठक पुष्पलता नायक, एसएमसी अध्यक्ष हेमिन यादव, सहयोगी शिक्षिका लाभष जांगडे, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता दुर्गा सेन, सफाई कर्मचारी गुलशन कोसले, रसोइया सरिता, संतोषी सेन सहित शाला के बच्चे उपस्थित रहे।



### ग्रामीणों ने रोपे फलदार और छायादार पौधे







**खरोरा।** खरोरा अंतर्गत ग्राम भरुवाडीह कला में शनिवार को ग्रामीणों द्वारा पौधारोपण किया गया। बरसात के मौसम में ग्रामवासियों द्वारा विभिन्न फलदार एवं छायादार पौधा लगाए गए। पौधारोपण कार्यक्रम में ग्रामीण बलराम वर्मा, रमशीला वर्मा, मनीषा वर्मा, उर्मिला वर्मा, सेवानिवृत शिक्षक सेतराम वर्मा, धीरेंद्र वर्मा, करण, मुकेश वर्मा, गजेंद्र साहू, झालेन्द्र तथा अन्य ग्रामीणों ने भाग लिए।

## अनेक प्रकरणों का तत्काल निराकरण हुआ

# तहसील कार्यालय में लगा राजस्व पखवाड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार-सरसींवां

जिले में राजस्व पखवाड़ा की शुरूआत की गई। तहसीलदार पूनम तिवारी के नेतृत्व में तहसील कार्यालय सारंगढ़ परिसर में शिविर का आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं, किसानों और नागरिकों ने इस शिविर का लाभ लिया। इस शिविर में अविवादित नामांतरण, अविवादित बंटवारा, विवादित नामांतरण, विवादित बंटवारा, सीमांकन, बंदोबस्त त्रुटि सुधार, पट्टे संबंधी मामले, राजस्व अभिलेखों का अद्यतीकरण, ऋण पुस्तिका अद्यतीकरण, भू-अर्जन भूमि परिवर्तन, आरबीसी 6-4 मामले, सड़क दुर्घटना, बीमा दावा के मामले, अवैध खनिज उत्खनन, अवैध वृक्ष कटाई, अस्थायी जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र सहित अन्य मामलों के आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें पटवारी, आरआई और तहसीलदार ने अपने पद से संबंधित कार्यों को पूर्ण किया। शिविर में तहसीलदार पूनम तिवारी, राजस्व निरीक्षक देवमती सिदार, दीपक पटेल, मोहम्मद इदरीश खान सहित पटवारियों में विष्णुदेव सिदार, हरिशंकर देवांगन, मंजू पटेल, रॉबिन्स भारद्वाज, ऋषि सिन्हा, जितेन्द्र पटेल, कृष्ण कुमार साहू, यशवंत सिंह ठाकुर, जैनदास मानिकपुरी और सुरेश निराला उपस्थित थे। इनके अलावा नगरपालिका परिषद सारंगढ़ की ओर से पदमिनी निराला, चन्द्रावती पांडेय और अर्चना उपाध्याय उपस्थित थीं।



बालाजी प्रा. आई.टी.आई
ITI BHATAPARA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
सिद्ध बाबा रोड (रेलवे गेट के पास) भाटापारा
89595-93918 • 89595-44444

## खबर संक्षेप



### बारिश के अभाव में सुखने लगे रोपा और बोता

**भाटापारा।** नगर के समीप ग्रामों में पहले तेज बारिश से फसल बीज खराब हुए और अब गर्मी और बारिश के अभाव में खराब हो रहे हैं। अब किसान दूसरा बीज बोने की तैयारी में है। ग्राम बोरतरा के किसान अमितेश शुक्ल ने बताया कि पहले अधिक बारिश से कारण दो एकड़ में बोये गये रोपा और बोता खराब हुए, वहीं अब बारिश नहीं होने से बचे रोपा और बोता खराब हो रहे हैं। यह किसानों के लिए दोहरा नुकसान है।

### ट्रक की टक्कर से कार क्षतिग्रस्त

**महासमुंद।** बसना थाना अंतर्गत ग्राम सिंघनपुर में ट्रक की टक्कर से कार क्षतिग्रस्त हो गई। प्रार्थी साहिल सिंग पिता वाईडी सिंग (34 साल) ने मामले में ट्रक क्र सीजी 06 जीजेड 3571 के चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ 281 भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत मामला दर्ज कर लिया है।

### फुटबाल सब जूनियर बालक वर्ग का ट्रायल 10 से



**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ फुटबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में सब जूनियर बालक वर्ग का चयन ट्रायल बिलासपुर में 10 से 11 जुलाई को होने जा रहा है। जिसमें भाग लेने की योग्यताएं संेट्रल रजिस्ट्रेशन सिस्टम (सीआरएस) के अनुसार खिलाड़ियों का जिले में पंजीयन अनिवार्य है। 01 जनवरी 2011 से 31 दिसंबर 2012 के बीच जन्म लेने वाले बालक ही इस खेल में भाग ले सकते हैं, जिसका प्रमाण पत्र (रजिस्टर्ड संस्था) से होना अनिवार्य है। खिलाड़ियों का एमबीबीएस चिकित्सक द्वारा जारी मेडिकल प्रमाण पत्र, मान्यता प्राप्त रेडियोलॉजिस्ट से बोन प्रमाण पत्र, पालक की अनुमति प्रमाण पत्र जरूरी है। उक्ताशय की जानकारी जिला फुटबॉल संघ के सचिव संतोष साहू ने दी।

### शराब की अवैध बिक्री के 3 मामलों पर हुई कार्रवाई

**महासमुंद।** सिटी कोतवाली पुलिस ने शराब की अवैध बिक्री व परिवहन के 3 मामलों में आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस ने कुल 24,750 रुपए की शराब जब्त की है। पुलिस ने बताया कि ग्राम खट्टी में आरोपी गोविंद मानिकपुरी पिता राजू (29 साल) निवासी ग्राम पिटियाझर व एक अन्य के कब्जे से देशी प्लेन शराब 25200 एमएल, कीमत 12600 रुपए, ग्राम खैरा में आरोपी अजय जगत पिता समारू (35 साल निवासी सुभाष नगर के कब्जे से 9000 एमएल देशी प्लेन शराब कीमत 4500 रुपए तथा ग्राम भलेसर रोड से आरोपी जितेंद्र तांडी पिता राज (30 साल) निवासी पंजाबीपारा महासमुंद व एक अन्य के कब्जे से 15300 एमएल देशी प्लेन शराब कीमत 7650 रुपए को जब्त किया गया। इन मामलों में आरोपियों के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### निधन

#### सहोद्रा देवी नेगी



**बलौदाबाजार।** नगर के वार्ड 5 निवासी 68 वर्षीय सहोद्रा देवी नेगी का 5 जुलाई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 6 जुलाई सुबह 11 बजे रायपुर रोड स्थित मुक्ति धाम में किया गया। वह रमेश नेगी (शिक्षक) व सतीश (चिंटू) नेगी की माता थीं। अंत्येष्टि के दौरान बड़ी संख्या में परिवार एवं परिचित के लोग शामिल हुए।

# सरसीवां-सरायपाली मार्ग रख रखाव के अभाव में जर्जर, राहगीर परेशान

## पीडब्ल्यूडी विभाग खराब हो रही सड़क की मरम्मत करने में लापरवाही बरत रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार-सरसीवां

सरसीवां–सरायपाली मार्ग के रख रखाव के अभाव में डामर की परते उखड़ने से जगह–जगह गड्ढे बन गये हैं, जिससे आवागमन बाधित हो रहा है। सड़क पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुकी है। सरसीवां से लेकर माता नाला तक बड़े–बड़े जानलेवा गड्ढे बन गए हैं। इसी तरह डामर की परते उखड़ने से वाहन चलाने में परेशानी हो रही है। इधर पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा खराब हो रही सड़क की मरम्मत करने में लापरवाही बरती जा रही है। सड़क किनारे के घरों का पानी निकासी सड़क पर होने से सड़क क्षतिग्रस्त हो रही है। कीचड़ से राहगीरों को परेशानी हो रही है। बताया गया है कि पी डबल्यू डी विभाग द्वारा सड़क मरम्मत (रिनिवल) का काम कराया गया था मगर साल भर के भीतर ही सड़क खराब हो गई। क्षेत्र के लोगों ने सड़क मरम्मत करने की मांग की है, मगर पीडब्ल्यूडी विभाग मरम्मत करना तो दूर गड्ढे भरने का काम भी नहीं कर रहा है। ज्ञातव्य हो कि सिरपुर–सरायपाली–सरसीवां–हसौद तक करीब 71 किलोमीटर सड़क का निर्माण एडीबीपी द्वारा कराया गया था। उसके बाद उचित रख-रखाव के अभाव में सड़क क्षतिग्रस्त होने लगी। पूरे सड़क का रिनुअल कार्य दो–तीन वर्ष पहले ही कराया गया था, मगर ठेकेदार की लापरवाही से इतनी जल्दी मरम्मत कराने की आवश्यकता पड़ रही है। सड़क का इतनी जल्दी खराब होना कहीं न कहीं सड़क निर्माण के दौरान बरती गई लापरवाही का ही परिणाम है।



### सड़क किनारे साइड सोल्डर की सफाई नहीं

सड़क किनारे फुटपाथ (साइड सोल्डर) की नियमित सफाई नहीं होने से बरसाती झाड़ियां उग आयी हैं। सड़क किनारे उगे बेर, बबुल, गोहेरा, खजूर की कंटिली झाड़ियां राहगीरों के लिए खतरनाक साबित हो रही है। कई झाड़ियां तो अब पेड़ बन चुकी है। सड़क किनारे बेतरतिब उगे झाड़ियों की सफाई करना आवश्यक हो गया है, क्योंकि उनकी शाखाएं अब सड़कों तक पहुंच चुकी है। झाड़ियों की वजह से बड़े वाहनों के आने से साइड देने या ओवरटेक करने में दिक्कतें होती है और इसी समय दुर्घटनायें हो रही हैं। पीडब्ल्यूडी विभाग का कहना है कि पहले वार्षिक संधारण के लिए आवंटन मिलता था, जिसका खर्च नियमित रखरखाव में किया जाता था, मगर अब वार्षिक संधारण की राशि का आवंटन नहीं होने के चलते सड़कों का नियमित मरम्मत नहीं हो पा रहा है।

## कार्यशाला : राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर कॉलेज में हुई कार्यशाला

# एनईपी में है छात्रों और प्राध्यापकों के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल






शासकीय नवीन महाविद्यालय, सोनाखान में शनिवार को नया राष्ट्रीय शिक्षा नीति के सफल क्रियान्वयन के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला के प्रशिक्षक के रूप में जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर डॉ. अजय मिश्रा, सहायक प्राध्यापक प्राणिशास्त्र, शासकीय नवीन महाविद्यालय लवन, जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर डॉ. राजू महोबिया सहायक प्राध्यापक वनस्पति शास्त्र, शासकीय महाविद्यालय बलौदाबाजार की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का राष्ट्रीय गीत से हुआ। इसके पश्चात प्राचार्य आरसी जोशी ने प्रशिक्षक का स्वागत किया। प्रशिक्षण सत्र का प्रथम प्रहर एनईपी 2020 की उपयोगिता, उसके क्रियान्वयन की प्रक्रिया तथा विद्यार्थियों और प्राध्यापकों के सामने आने वाली संबंधित चुनौतियों के निराकरण पर आधारित रहा। प्रशिक्षण का द्वितीय प्रहर एनईपी 2020 की उपलब्धियों और इससे मिलने वाले लाभ सहित इसकी बारीकियों पर केंद्रित रहा। इस हेतु समस्त शैक्षणिक स्टॉफ और कार्यालयीन कर्मचारी को उच्च शिक्षा के संदर्भ में इस नीति के उद्देश्य और लक्ष्य से अवगत होना आवश्यक है।

उच्च गुणवत्ता की शिक्षा प्रणाली और मूल्य परख, बहुमुखी और नवाचारी शिक्षा को अंगीकृत करने वाली यह नीति विद्यार्थियों सहित समस्त हितधारकों के लिए श्रेयस्कर है। इस कर्यक्रम में समस्त शैक्षणिक स्टॉफ और कार्यालयीन कर्मचारी में हिंदी विषय के सहायक प्राध्यापक निर्वेश कुमार दीक्षित, राजनीति शास्त्र के सहायक प्राध्यापक सनत कुमार साहू, सहायक ग्रेड 1 चंदर सिंह पैकरा, अतिथि व्याख्याता प्राणीशास्त्र बलराम वर्मा, वनस्पति शास्त्र कांतिकेश्वर जायसवाल, अंग्रेजी- किरण प्रधान, भौतिकी श्रव्यश्री कैवर्त्य, गणित-ज्वाला प्रसाद साहू, रसायन-महेंद्र कुमार, मधुसूदन वर्मा, मोहित ठाकुर उपस्थित रहे।

## ठेका श्रमिका का बढ़ेगा वेतन, बैठक में हुआ निर्णय



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

सीमेंट एवं खदान श्रमिक यूनियन एटक शाखा–अंबुजा अडानी सीमेंट लिमिटेड रवान के पदाधिकारियों तथा अंबुजा अडानी प्रबंधन के बीच बी पुल ठेका श्रमिकों के सालाना इंक्रीमेंट वेतन वृद्धि के संबंध में बैठक हुई। बैठक में उक्त ठेका श्रमिकों का 1 जनवरी 2024 से लंबित वेतन वृद्धि पर समझौता सम्पन्न हुआ। समझौते के अनुसार सभी बी पुल ठेका श्रमिकों का 1 जनवरी से 1 जुलाई 2024 तक 77 रुपए प्रति दिन के हिसाब से ठेकेदार द्वारा माह में 2002 रुपए एरियस सहित भुगतान किया जाएगा। उक्त समझौता में प्रमुख रूप से एच आर क्लस्टर हेड दिनेश पाठक एवं भूपेन्द्र सिंह ठाकुर यूनियन के सचिव दिनेश ठाकुर, स्थानीय अध्यक्ष हिन्देश चंदेल, सुरेश वैष्णव, राकेश मिश्रा, मनोज वर्मा, प्रदीप ठाकुर, महेंद्र टिकरिहा, सुनील लहरी, वेदप्रकाश वर्मा,एस विस्वास,नंदकिशोर वैष्णव, कामदेव धृतलहरे,एवं नाथूराम साहू उपस्थित थे।

# मूरा रोड से गुजर रही राखड़ से भरी भारी वाहनें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बंगोली

**खास बातें**

- वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने ग्रामीणों ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन, आंदोलन की दी चेतावनी



अडानी पॉवर प्लांट से राखड़ भरी हैवी गाड़ी को मुरा रोड से बंद करवाने 6 जुलाई शनिवार को खरोरा तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया। अडानी पॉवर प्लांट कंपनी द्वारा हैवी गाड़ियों में राखड़ भरकर मुरा रोड से लाया जा रहा है, जिससे इसी रोड पर ग्राम पंचायत मुरा में हाई स्कूल एवं माध्यमिक स्कूल स्थित है तथा स्कूली बच्चों का आना जाना होता हैं। विदित हो कि दिनभर में सैकड़ों बार राखड़ से भरी हाईवा, ट्रक इस बस्ती के अंदर होकर आवाजाही कर रहे हैं, जिसके कारण ग्रामवासी व स्कूली बच्चों में जान माल का नुकसान तथा अप्रिय घटना होने से इंकार नहीं किया जा सकता। ज्ञात हो कि मूरा बस्ती अंदर से 3 किलोमीटर तक सड़क गुजरती है, जिसके दोनों तरफ घनी आबादी बसी हैं। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रेशम वर्मा सहित ग्रामवासियों ने खरोरा तहसीलदार को अडानी पॉवर प्लांट का राखड़ भरी भारी वाहनों को मुरा रोड से एक सप्ताह के अंदर बंद नहीं होता है तो मजदूर कॉग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष रेशम वर्मा के नेतृत्व एवं स्कूली बच्चों ग्रामीणों के साथ मुरा रोड में चक्काजाम किया जाएगा, जिसकी जवाबदारी प्रशासन की होगी।

# आवारा पशुओं से राहगीर एवं किसान परेशान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भवानीपुर

क्षेत्र में अधिक मात्रा में मवेशी आ जाने के कारण शाम के समय रोड से गुजरना मुश्किल हो जा रहा है। जगह–जगह चौक चौराहे पर मवेशियों का जमवाड़ा देखने को मिल रहा है, जिससे आने-जाने वाले लोगों को दुर्घटना की संभावनाएं बनी रहती है। साथ ही खेतों में जाकर फसल को छाती पहुंचा रहे हैं। जिसके कारण आसपास के किसान परेशान है। वहीं बलौदा बाजार से महासमुंद रेगुलर बड़ी गाड़ी का आवागमन लगा रहता है, जिससे कई दुर्घटना होती रहती है। बीच रोड में पशु बैठे रहते हैं, जिसे आने–जाने वाले लोग और बड़े वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। मवेशियों का एक गांव से दूसरे गांव की ओर प्रस्थान करने के कारण गांव के आस पास से लगे गांव वाले लोग भी आपस में विवाद हो रहा हैं। ऐसी और इस स्थिति में आपस में गांव–गांव के बीच का भी माहौल खराब होने लगा है। बताया जा रहा है कि लोग मवेशियों को रात के अंधेरे में बड़े–बड़े गाड़ियों से लाकर इस एरिया में छोड़ रहे हैं, जिसके चलते आमजन परेशान नजर आ रहे हैं। तक शासन प्रशासन द्वारा ऐसी कोई व्यवस्था नहीं की गई है कि यह लावारिस रूप से कोई जगह एकत्रित कर के रखें, ताकि सभी किसान की धान फसल को नुकसान न हो।

# तीन स्थानों पर कल लगेगा राजस्व शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

- शिविर में तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक और पटवारी रहेंगे मौजूद


बिलाईगढ़ अनुविभाग में 8 जुलाई को टुण्डरी, भटगांव और जैतपुर में राजस्व शिविर का आयोजन किया जाएगा। नागरिक शिविर में उपस्थित पटवारी, राजस्व निरीक्षक, तहसीलदार के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। पंचायत सचिव इस शिविर के एक दिन पूर्व ग्रामीणों से राजस्व के आवेदन स्वीकार करेंगे और शिविर के दिन सक्षम अधिकारी को प्रस्तुत करेंगे। साथ ही कोटवार शिविर के दिन की सूचना मुनादी के माध्यम से गांवों में देंगे। राजस्व कार्यों जैसे बी–1 नकल, खसरा, फौती नामांतरण, खाता विभाजन, डायवर्सन, सीमांकन, बटांकन, अभिलेख शुद्धता, भूअर्जन, प्राकृतिक आपदा आदि के सभी आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। मैदानी कार्य जिसमें संबंधित किसान के खेतों में जाकर नाप–जोख करना होगा, उनको छोड़कर अन्य सभी कार्य जैसे खसरा शुद्धिकरण, आय, जाति, निवास, केसीसी फार्म, डिजिटल सिग्नेचर आदि कार्य में पटवारी, राजस्व निरीक्षक, तहसीलदार से संबंधित सभी कार्य शिविर में ही संपन्न होंगे।

टुण्डरी शिविर बिलाईगढ़ तहसील के ग्राम पंचायत टुण्डरी में आयोजित शिविर में ग्राम अमलडीहा टुण्डरी, ठाकुरदिया, परसाडीह, मड़कड़ी और सोनाडुला के ग्रामीण शामिल होकर अपने राजस्व संबंधी कार्य कर सकते हैं।

भटगांव शिविर– भटगांव तहसील अंतर्गत भटगांव में आयोजित शिविर में जमगहन, बंदारी और भटगांव के नागरिक शामिल होकर अपने राजस्व प्रकरणों का निराकरण कर सकते हैं। जैतपुर शिविर रूसरसींवा तहसील के जैतपुर में आयोजित शिविर में ग्राम कोसमकुंडा, जैतपुर, जोरापाली, बछौरडीह, बलौदी, लखुर्रीडीह, साल्हेवोना, उड़काकन, पण्डरीपाली के ग्रामीण अपने राजस्व कार्य करा सकते हैं।

## पटवा समाज के तीसरी बार अध्यक्ष बने परस

**सिमगा।** गत दिनों पटवा समाज सिमगा की बैठक सामाजिक भवन में आयोजित की गई। इसमें नए पदाधिकारियों का चुनाव हुआ। इस दौरान सर्वसम्मति से पुनः तीसरी बार परस पाटकर को समाज का अध्यक्ष चुना गया। साथ ही उपाध्यक्ष दीनू पाटकर और सचिव दिनेश पाटकर को बनाया गया। उक्त अवसर पर मुरली पाटकर, पदम पाटकर, पूरन पाटकर एवं ज्योति पप्पू गौतम, राजेश, धनेश, राजू, लेखू, आशु, पचराखन, अरुण, राकेश, गोलू पाटकर सहित समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



## स्कूल में नहीं है शौचालय

# शौचालय की मांग, कलेक्टर से मिले बच्चे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़




ग्राम डोकरीडीह के मिडिल स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों ने कलेक्टोरेट पहुंच कर कलेक्टर धर्मेश साहू से स्कूल में शौचालय की मांग की। बच्चों के साथ पालक भी सारंगढ़ कलेक्टर से मिलकर स्कूल में जल्द शौचालय निर्माण कराने की मांग किए। ग्राम डोकरीडीह में 2006 से मिडिल स्कूल संचालित है। पूर्व में आरईएस से शौचालय बनाया गया था, जो 2 वर्ष में ही जर्जर होकर टूट गया। पिछले 10–12 वर्षों से बिना शौचालय के स्कूल संचालित होते आ रहा है। शौचालय नहीं होने से बच्चों को भारी असुविधा हो रही है। बच्चे शौच के लिए अपने अपने घर या नाला जाने विवश है। पालक एवं एसएमसी द्वारा संबंधित जनपद सदस्य से शौचालय एवं समतली करण के लिए उनके मद की राशि मांग की गई थी। जनपद सदस्य द्वारा अपने 15वें वित्त की मद से राशि देने की घोषणा की गई थी, किंतु दूसरे सरपंच व जनपद सदस्य से ज्यादा कमीशन मिलने पर उनके मद की राशि नहीं मिल पाई। बच्चों को हो रही असुविधा तथा बच्चों एवं पालकों की मांग पर कलेक्टर ने जल्द शौचालय निर्माण कराने का आश्वासन दिया है।

